# करेंट अफेयर्स

## 23 जुलाई, 2022

## राष्ट्रीय

### 1. वीवा एंगेज ऐप

**खबरों में क्यों** – टेक दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने वीवा एंगेज ऐप पेश किया है जो व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के लिए टूल्स प्रदान करने के साथ–साथ समुदायों से सम्पर्क बनाने में मदद करता है।

**प्रमुख बिंदु –**

- जून 2022 में, माइक्रोसॉफ्ट ने "माइक्रोसॉफ्ट वीवा सेल्स" की शुरुआत की।

## अंतरराष्ट्रीय

### 1. पनामा पेपर लीक

**खबरों में क्यों** – पनामा पेपर्स को लीक करने वाला गुमनाम व्हिसलब्लोअर पहली बार एक साक्षात्कार में सामने आया।

**प्रमुख बिंदु –**

**पनामा पेपर्स के बारे में –**

- यह दिखाता है कि कैसे अमीर और शक्तिशाली लोग/संस्था गुप्त टैक्स हेवन में और बाहर अपने पैसे ले जाते हैं, धन को लूटते हैं, प्रतिबंधों को चकमा देते हैं और कर देने से बचते हैं।
- मोसैक फोंसेका नामक एक पनामा की कानूनी फर्म से लीक ।
- दस्तावेज 3 अप्रैल, 2016 को जर्मन समाचार पत्र सुदेतुश जितुंग (SZ) द्वारा जारी किए गए थे।
- इसने 500 भारतीयों की लगभग 20,078 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्तियों का खुलासा किया।
- पनामा पेपर्स में भारतीय – विनोद अडानी (गौतम अडानी के भाई), अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, अजय देवगन आदि।
- इसी तरह के अन्य लीक – पैराडाइज पेपर्स, पेंडोरा पेपर्स।

### 2. अनाज निर्यात सौदा

**खबरों में क्यों** – रूस और यूक्रेन ने युद्धकालीन गतिरोध को समाप्त करते हुए लाखों टन अनाज और उर्वरक के निर्यात के लिए अलग–अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

**प्रमुख बिंदु –**

- यूक्रेन गेहूं, मक्का और सूरजमुखी के तेल के दुनिया के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है।
- यह इस्तांबुल में एक नियंत्रण केंद्र स्थापित करेगा ।

### 3. दिनेश गुणवर्धने

**खबरों में क्यों** – दिनेश गुणवर्धने को 22 जुलाई, 2022 को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है।

## अर्थव्यवस्था

### 1. चार स्तरीय नियामक संरचना

**खबरों में क्यों** – आरबीआई ने शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) की वित्तीय सुदृढ़ता में सुधार के लिए चार स्तरीय नियामक ढांचा बनाने का फैसला किया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- एनएस विश्वनाथन पैनल द्वारा इसकी सिफारिश की गई थी।

## पुरस्कार और सम्मान

### 1. 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

**खबरों में क्यों** – अनुराग ठाकुर ने 22 जुलाई, 2022 को नई दिल्ली में 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की।

**प्रमुख बिंदु –**

- कार्यक्रम का आयोजन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के फिल्म समारोह निदेशालय द्वारा किया गया।

- पुरस्कार 1954 में स्थापित किया गया था।

**विजेताओं की सूची–**

- सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म : सूरराई पोट्रू (तमिल फिल्म)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक : सच्चिदांनदन के० आर० (ए० के० अयप्पयन कोशियम)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता : सूर्या को सूरराई पोट्रू के लिए और ताण्हाजी के लिए अजय देवगन
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री : अपर्णा बालामुरली (सूरराइ पोट्रू)
- सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म : तुलसीदास जूनियर
- सामाजिक मुद्दे पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म : फ्यूनरल

### 2. जेसी डेनियल अवार्ड 2022

**खबरों में क्यों** – मलयालम फिल्म निर्माता केपी कुमारन को केरल के सर्वोच्च फिल्म पुरस्कार जेसी डेनियल अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- 1975 में फिल्म "अतिथि" के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी ।
- जेसी डेनियल अवार्ड मलयालम सिनेमा में केरल का सर्वोच्च पुरस्कार है।

## विज्ञान – तकनीक

### 1. ह्यूमन स्पेसफ्लाइट एक्सपो

**खबरों में क्यों** – इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बेंगलुरु के जवाहरलाल नेहरू तारामंडल में ह्यूमन स्पेसफ्लाइट एक्सपो का उद्घाटन किया।

**प्रमुख बिंदु –**

- ''द इंडियन स्पेस ओडिसी – साउंडिंग रॉकेट्स टू गगनयान'' फिल्म भी दिखाई गई।
- श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र ने 3 दिवसीय ''स्पेस ऑन व्हील्स'' मोबाइल प्रदर्शनी का आयोजन किया।
- भविष्य के इसरो मिशन – गगनयान (मानव अंतरिक्ष उड़ान), चंद्रयान –3 (चंद्रमा), आदित्य एल 1 (सूर्य) और शुक्रयान –1 (शुक्र)।

## महत्वपूर्ण दिन

### 1. राष्ट्रीय ध्वज दिवस 2022

**खबरों में क्यों** – भारत हर साल 22 जुलाई, 2022 को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाता है।

**प्रमुख बिंदु –**

- 22 जुलाई 1947 को भारत की संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज को स्वीकार किया।
- ध्वज के बारे में प्रस्ताव पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा पेश किया गया था।
- राष्ट्रीय ध्वज को पिंगली वेंकैया ने डिजाइन किया था।
- 13 अप्रैल, 1923 को नागपुर में एक जुलूस के दौरान पहली बार तिरंगा फहराया गया था।

## नियुक्तियाँ

### 1. शेख मोहम्मद सबा अल सलेम

**खबरों में क्यों** – उन्हें कुवैत का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है।

## खेल–कूद

### 1. एशिया कप 2022

**खबरों में क्यों** – बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने जानकारी दी की क्रिकेट एशिया कप 2022 यूएई में खेला जाएगा। (पहले का स्थान –श्रीलंका)।

### 2. फेंसिंग विमेंस लीग

**खबरों में क्यों** – पहला खेलो इंडिया फेंसिंग विमेंस लीग 25 जुलाई से तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में शुरू होने वाली है।

**प्रमुख बिंदु –**

- सीनियर वर्ग स्पर्धा में भवानी देवी लीग की प्रतिभागी होंगी।
- यह तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। चरण 1 और 2 – नई दिल्ली, तीसरा चरण – पटियाला।

## राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश

### 1. स्वनिर्भर नारी योजना

**खबरों में क्यों** – असम सरकार द्वारा स्वदेशी बुनकरों को सशक्त बनाने और वस्त्रों और हथकरघा विरासत का संरक्षण सुनिश्चित करने हेतु यह योजना शुरू किया है।

## बिहार

### 1. आपूर्ति श्रृंखला संचालन अकादमी (SCOA) परियोजनाएं

**खबरों में क्यों** – फ्लिपकार्ट ने राज्य में SCOA परियोजनाओं को शुरू करने के लिए बिहार राज्य कौशल विकास मिशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**प्रमुख बिंदु** –

- सफल उम्मीदवारों को 45 दिनों के ऑन–द–जॉब प्रशिक्षण सहित कार्यक्रम को पूरा करने के लिए 17,500 रुपये का वजीफा मिलेगा।
- फ्लिपकार्ट की टीम ने SCOA के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार और विकसित किया है।

### 2. प्राचीन संरचनाएं क्षतिग्रस्त

**खबरों में क्यों** – विश्व धरोहर नालंदा विश्वविद्यालय के निषिद्ध हिस्से में ऐतिहासिक बड़गांव तालाब की खुदाई के दौरान प्राचीन संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

**प्रमुख बिंदु** –

- यहां पाल काल की ईंटों और प्राचीन बर्तनों के अवशेष मिले हैं।
- अलेक्जेंडर कनिंघम द्वारा 1862 से 65 तक के पुरातात्विक सर्वेक्षण में इस तालाब का उल्लेख किया गया है।

### 3. तड़ित चालक

**खबरों में क्यों** – बिहार सरकार ने वज्रपात से बचने के लिए सभी सरकारी भवनों पर तड़ित चालक लगाने का फैसला किया है।

**प्रमुख बिंदु** –

- बिहार में वज्रपात से हुई मृत्यु पर चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का प्रावधान है।
- वज्रपात से हुई मौतें – 459 लोग (2020), 280 (2021), 161 (22 जुलाई, 2022 तक)।

◆◆◆

# करेंट अफेयर्स एक नजर

## 23 जुलाई 2022

**PERFECTION IAS**

/PerfectionIAS

- एडीबी ने वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत के विकास के अनुमान को घटाकर कितने प्रतिशत कर दिया – **7.2% ।**
- किस दूरबीन ने दूर के ग्रह के वातावरण में पानी का पता लगाया है – **नासा का जेम्स वेब ।**
- कैबिनेट ने न्यायिक सहयोग के क्षेत्र में भारत और किस देश के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी – **मालदीव ।**
- भारत की जैव–अर्थव्यवस्था 2025 तक कितनी राशि को पार कर जाएगी – **150 बिलियन अमरीकी डॉलर ।**
- इलेक्ट्रिक चार्जिंग के लिए एक प्लेट फार्म रेपो पे और Phy-gital किसने लॉन्च किया है – **नारायण राणे ।**
- किस भारतीय मूल के व्यक्ति ने ब्रिटेन के प्रधान मंत्री के रूप में बोरिस जॉनसन को बदलने के लिए अंतिम दौर में जगह बनाई – **ऋषि सुनक ।**
- वैज्ञानिक किस सांप के जहर को बेअसर करने के लिए प्रभावी एंटीवेनम विकसित करने पर सहमत हुए हैं – **ग्रीन पिट वाइपर ।**
- आईसीएआर का सरदार पटेल पुरस्कार किसे मिला है – **राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी (एनएएआरएम) ।**
- इसरो ने 1999 से अब तक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के माध्यम से विदेशों के कितने उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे हैं – **345 ।**
- यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर, एनिमल एंड प्लांट हेल्थ इंस्पेक्शन सर्विस ने किस राज्य में विकिरण उपचार सुविधा को मंजूरी दी – **गुजरात ।**

NEW UPSC BATCH STARTING FROM 03rd August 2022 (Hindi Medium - 08:00AM - 11:00AM)

103, KUMAR TOWER, BORING RD. CROSSING PATNA

More information call us 9155090871/72/73

www.perfectionias.com
VISIT OUR WEBSITE